# S.R.K.P. GOVT. P.G. COLLEGE,
## KISHANGARH



# PLACEMENT CELL

# VISION

- Equipping the students with relevant and conceptualized professional skills and guiding them towards a bright future and career all around the world with the values of – Sincerity, Hard Work and Justice.

# MISSION

- To achieve 100% placement for students through dedication, attitude and complete involvement is our mission. Training and Placement Cell arranges and coordinates various programmes that aim at molding the students so as to meet the industry expectations in career building and in turn bring laurels to the parent institution. The Training and Placement Cell, guided by a set of rules and principles, strives to maintain good relationship with industries. Preparing the recruitment schedule for the year, inviting corporations for pre-placement talks on the campus followed by final placements, and overseeing the process to its end, is the responsibility of the Training and Placement Cell. The Cell endeavors to carry out successfully all the processes methodically throughout the year.

# GOALS

- To enhance the employability skills among the students to meet out the corporate expectations.
- To improve the industry – institute relationships
- To place all the students in the prospective IT, Management Companies and Media Channels.
- To enhance the student's interest towards the entrepreneurship and business strategies.

# OBJECTIVES

- To provide class training for the students through continuous training module
- To approach top multinational companies for arranging the campus recruitment
- To counsel the students to improve their career exposure across the global.
- To produce the most competitive students to fit in all scenario of the job market

# जीएसटी से होगा देश का विकास

## राजकीय महाविद्यालय में कार्यशाला

मदनगंज-किशनगढ़. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूजीसी एजुकेशन-इनोवेशन के तत्वावधान में जीएसटी पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विशेषज्ञों ने जीएसटी के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यशाला में सी.ए. सी.एम. अग्रवाल ने कहा कि यह नई कर प्रणाली अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार है। कार्यशाला के वक्ता गोविंद सिंह चौहान ने कहा कि यह प्रणाली संपूर्ण देश के लिए लाभकारी होगी और इससे देश की कर व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी। वाणिज्यिक कर अधिकारी शारदा यादव ने कहा कि हम सब जागरुक होकर बाजार से खरीदारी करते समय बिल अवश्य लें। एच.के.कविया ने कहा कि इससे करों का एकीकरण, एकरूपता, पारदर्शिता में वृद्धि, भ्रष्टाचार में कमी, वस्तुओं का प्रवाह और निवेश में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यशाला के अध्यक्ष महाविद्यालय के आचार्य सहदेव दान ने कहा कि वर्तमान टैक्स प्रणाली का सरलीकरण हुआ है। भारत भी अब अन्य देशों की भांति एक राष्ट्र, एक कर और एक बाजार की श्रेणी में सम्मिलित हो गया है। कार्यक्रम का संचालन सी.पी.पोखरना ने किया एवं धन्यवाद उर्मिला जेठानी ने ज्ञापित किया। करुणा शोभावत एवं ज्योति भाटिया ने सहयोग किया।



महाविद्यालय में जीएसटी पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं।



अधिकारी शारदा यादव।

**कार्यशाला** | यूजीसी एज्युकेशन इनोवेशन के तत्वावधान में आयोजन

# जीएसटी से टैक्स सिस्टम में आएगी पारदर्शिता

मदनगंज-किशनगढ | राजकीय महाविद्यालय किशनगढ़ में शुक्रवार को यूजीसी एज्युकेशन इनोवेशन के तत्वावधान में जीएसटी समय की आवश्यकता, प्रावधान, महत्व व प्रभाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि सीएम अग्रवाल किशनगढ़ सीए एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कार्यशाला का उद्घाटन किया।

अपने उद्बोधन में जीएसटी को देश में एक बहुत बड़ा कर सुधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सहदेवदान बारहेठ ने की। कार्यशाला के मुख्य वक्ता गोविंद सिंह चौहान, एचके कविया तथा शारदा यादव ने जीएसटी से संबंधित भ्रांतियों को दूर किया। यह प्रणाली पूरे देश के लिए फायदेमंद होगी तथा इससे देश की कर व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी। शारदा यादव ने जीएसटी प्रणाली बताते हुए कहा कि जो कर हम चुकाते है। उसी से देश का विकास होता है। आवश्यकता है कि हम सब जागरूक होकर बाजार बाजार से खरीदारी करते समय बिल अवश्य लें। कविया ने डायरेक्ट व इनडायरेक्ट टैक्स के बारे में बताया तथा जीएसटी के महत्व को बताते हुए कहा कि जीएसटी से करों का एकीकरण, एकरूपता, पारदर्शिता में वृद्धि, भ्रष्टाचार में कमी, वस्तुओं का प्रवाह व उपलब्धता, अंतर्राष्ट्रीय निवेश को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जीएसटी से संबंधित ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व जानकारी दी। कार्यक्रम का डॉ. सीपी पोखरना ने किया। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. उर्मिला जेठानी ने धन्यवाद दिया। डॉ. करूणा शोभावत व डॉ. ज्योति भाटिया ने सहयोग किया।



## कार्यशाला आज

मदनगंज-किशनगढ | राजकीय कालेज में जीएसटी समय की आवश्यकता, प्रावधान, महत्व वं प्रभाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 18 अगस्त को किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. बारेठ ने बताया कि कार्यशाला में वाणिज्य कर के गोविंद सिंह चौहान व घनश्याम सिंह कविया विषय विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण जानकारी देंगे।

19/8/17

**SEMINARS & LECTURES**

दैनिक भास्कर



# खुद को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करना भी एक कला है

भास्कर न्यूज़ | मदनगंज-किशनगढ़

राजकीय कॉलेज के नए नॉलेज सेंटर पर यूजीसी की कोप्टीटेन्स बिल्डिंग स्कीम्स के तहत हाऊ टू डू प्रजेन्टेशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस विषय पर पूर्व आईडी आनंदवर्धन शुक्ला ने व्याख्यान दिया और इसकी उपयोगिता आने वाले समय में समझाई। शुक्ला ने बताया कि हमें किस जगह किस प्रकार से अपने आप को प्रस्तुत करना चाहिए ताकी सामने वाले पर उसका सीधा असर पड़े। यह भी एक प्रकार का कौशल है। इस दौरान एमडीएस अजमेर के प्रोफेसर शिवप्रसाद ने लीडरशीप स्कील्स और डवलपिंग इनोवेटिव टीचिंग स्कीलस पर विस्तार से प्रोजेक्टर के माध्यम से नवीन जानकारी दी। इस दौरान कालेज प्राचार्य डा सहदेव दान बारेठ ने भी उपयोगी जानकारी दी। उपाचार्य डा. एसएल वर्मा, डा उर्मिला जेठानी, डा सीपी पोखरना, डा ज्योति भाटिया सहित अन्य ने भी उद्बोधन दिया।



मदनगंज-किशनगढ़. कार्यशाला में मौजूद व्याख्याता व स्टूडेंट्स।

## रक्त की जांच

राजकीय कालेज में 25 सितबंर को आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल जयंती के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर रक्त की जांच के लिए शिविर लगाया गया। 150 विद्यार्थियों ने अपने रक्त की जांच कराई। कालेज प्राचार्य डा बारेठ ने बताया कि राजकीय कालेज परिसर में सुबह 11 बजे संत नागरीदास की सांस्कृतिक परंपरा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस विषय पर निम्बार्क पीठ काचरिया के पीठाधीश्वर डा जयकृष्ण देवाचार्य व्याख्यान देंगे।








# OUR ACTIVITIES







**Shri Ratanlal Kanwarlal Patni Govt. P.G. College**
**श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
Kishangarh(Ajmer)Rajasthan

AFFILIATED TO M.D.S. UNIVERSITY, AJMER

No. 2080

Date 19.10.2023

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 19.10.2023 को रित्विक फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को फ्यूचर प्लेसमेंट ट्रेनिंग-सेशन कैम्प आयोजित किया गया।

महाविद्यालय इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

प्राचार्य

प्राचार्य
श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
किशनगढ़ (अजमेर)

Address : City Road, Kishangarh-305801 (District-Ajmer) Rajasthan, Tel.: +91 1463-245660
Web Portal :https://hte.rajasthan.gov.in/college/gckishangarh
E-mail : srkpatnigck@gmail.com



# The Placement Team



**Dr Neelofar Kohri**
**Convener**



**Dr Akshay N. Pareek**
**Member**



**Dr Jitendra S. Bika**
**Member**



**Dr Mangal R. Meena**
**Member**



**Dr Avinash Agarwal**
**Member**



**Dr Sunita Sharma**
**Member**



**Dr Keerti Raman**
**Member**